Schedule XLII-High Court No.(J)9[Old(M)164]

**FORM OF ORDER SHEET**

## IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA

**L.D. APPEAL NO.- ...............117............./2026-27**

**Sita Ram Rishi & Ors ------------------------------------------------------------ Appellants**

**V/s**

**The State of Bihar & Ors ------------------------------------------------- Respondents**

| Sl No. | Date of Order of Proceeding | Order with signature of the court | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10-9-2026 | –:आदेश:–<br><br>यह अपील वाद न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा द्वारा बी0एल0डी0आर0 वाद सं0– 01/2025–26 में दिनांक–18.7.2026 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है।<br>सुनवाई में अपीलार्थी अनुपस्थित। वाद–पत्र एवं निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अवलोकन किया। निम्न न्यायालय द्वारा निम्न आदेश पारित है:–<br>1. प्रश्नगत भूमि पर बसे वादी/प्रतिवादी का पुनः एक व्यापक और निष्पक्ष सर्वेक्षण कर सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन का चयन कर विभागीय नियमानुसार वासगीत पर्चा निर्गत करने की प्रक्रिया हेतु उचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।<br>2. अंचल अधिकारी, धमदाहा यह सुनिश्चित करे कि वर्तमान कब्जाधारियों में यदि कोई भी व्यक्ति सुयोग्य श्रेणी का नही है, तो उसे इस विवादित भूमि से 30 दिनों के अंदर स्थानांतरित किया जाय। साथ ही संबंधित थानाध्यक्ष को यह निदेश दिया जाता है कि वे इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, धमदाहा को विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।<br>चूँकि अपीलार्थी द्वारा अपने दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य/कागजात दाखिल नही किया गया है इसलिए निम्न न्यायालय द्वारा पारित आदेश में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता प्रतीत नही होती है। साथ ही यह वाद विलंब के साथ दायर किया गया है तथा विलंब क्षांत आवेदन में यथेष्ट कारण अंकित नही है।<br>अतः उपरोक्त के आलोक में इस वाद को In limine खारिज किया जाता है। इसी के साथ वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें।<br><br>लेखापित एवं संशोधित<br><br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।<br><br>आयुक्त,<br>पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया। | |

आयुक्त न्यायालय ★ पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया ★